भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 293

जिसका उत्तर 08.12.2022 को दिया जाना है

अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस

293. श्रीमती रंजनबेन धनजय भट्ट:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार सभी राज्यों में **अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर विचार कर रही है; और**

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देश भर में अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट (आईडीपी) जारी करने के लिए नागरिकों की अधिक सुविधा के लिए सा.का.नि 660 (अ) दिनांक 26 अगस्त, 2022 को जारी कर दिया है। इस संशोधन के माध्यम से, आईडीपी के लिए प्रारूप, आकार, रंग आदि को पूरे भारत में जारी करने के लिए और जिनेवा कन्वेंशन के अनुपालन में मानकीकृत किया गया है।

*****